1. Mosaboni Colony & Mine Site	1279 Portion	162	1.54	Private settlement
N. Private land	1281 Portion	162	0.23	,,
S. Private land				
E. Private land	1282 Portion	162	0.22	,,
N. Private land	1283 Portion	162	0.32	,,
	389	163	0.38	,,
2. Brick Field, Pump Station & Sand Lease Area	3 Portion	1083	0.42	,,
N. & S Private land				
E. River Bank				
W. Private land				
3. Surda No. 4 Shaft Magazine	Forest Block Portion	1098	1.16	Permissive possession
N, S, E, & W Forest land				
4. Surda North Ventilation Fan	Forest Block Portion	1098	3.00	,,
N, S, E & W Forest land				
5. Surda Staff Colony & Mine Site	273	101	1.65	,,
	276	101	2.56	,,
N Khas & Private land	277 Portion	101	1.18	,,
S. Private land				
E. Private land				
W. Forest land	272 Portion	101	1.88	,,
6. Surda Market Area	344 Portion	101	1.83	,,
N & S Khas land				
E. Private land				
W. P.W.D. Road				
7. Surda Production Shaft Area	606	101	1.10	Private settlement
	572	101	0.57	,,
N Khas & Private land	573	101	0.47	,,
S Private land	574	101	0.32	,,
E Private land	576	101	0.07	,,
W PWD Road	577	101	0.15	,,
	579	101	0.51	,,
	580	101	1.12	,,
	582	101	0.32	,,
	584	101	0.76	,,
	575	101	0.46	,,
	581	101	0.09	,,
	583	101	0.10	,,
	1291			
	603	101	0.04	,,
	561	101	0.32	,,
	565	101	0.57	,,
	567	101	0.83	,,
	569	101	1.47	,,
	568	101	0.06	,,
	657	101	0.14	,,
	667	101	0.11	,,
	688	101	0.18	,,
	689	101	0.29	,,
	668	101	0.11	,,
	375 Portion	101	2.12	Permissive possession
	593	101	0.19	,,
	562	101	0.38	,,
	590	101	0.59	,,
	560	101	3.06	,,
	558	101	1.48	,,
	557	101	0.61	,,
	556	101	1.85	,,
	566	101	5.04	,,

	Plot No.	Thana No.	Area in Acres	Type of Occupation
7. Surda Production Shaft Area (Contd.)	672	101	0.04	Permissive possession
	670	101	0.25	,,
	570	101	0.17	,,
	571	101	0.12	,,
	578	101	0.43	,,
	681	101	2.17	,,
	687	101	4.45	,,
	721	101	2.87	,,
	665	101	5.65	,,
	661 Portion	101	0.45	,,
	585	101	0.52	,,
	619 Portion	101	33.30	,,
	663	101	0.07	,,
	664	101	0.05	,,
	604	101	0.25	,,
	605	101	0.53	,,
	134 Portion	101	1.25	,,
	685	101	0.24	Private settlement
	686	101	2.49	,,
8. Surda Township Area	4	101	29.50	Permissive possession
	153 Portion	101	12.05	,,
N Kankarana Nallah	154 Portion	101	3.62	,,
S Khas & Privatel and	152	101	0.80	,,
E Khas & Private land	155 Portion	101	0.45	,,
W Kankarana Nallah	136 ,,	101	0.65	,,
Road & Forest land	150 ,,	101	9.98	,,
	135 ,,	101	0.30	,,
	618 ,,	101	0.75	,,
	17	100	5.63	,,
	15 Portion	100	0.18	,,
	1283 Portion	100	0.05	,,
	34 ,,	100	56.00	,,
	1281	100	0.50	,,
	25 Portion	100	2.50	,,
	236	100	0.17	,,
	41 Portion	100	51.10	,,
	40 ,,	100	7.15	,,
	38	100	0.31	,,
	1282	100	0.36	,,
	1368	100	8.93	,,
	1369	100	3.60	,,
	1367	100	0.72	,,
	225 Portion	100	49.95	,,
	237	100	0.13	,,
9. South Kendadih Mine	1409 Portion	99	5.00	,,
N & S Forest land				
E. Private land				
W. Forest land				
10. Kendadih Housing Colony	1233	99	6.82	,,
	1006 Portion	99	2.05	,,
N, S, E & W Khas land				
11. Kendadih Mine Site	1408 Portion	99	10.25	,,
	26 ,,	99	9.75	,,
N Gadgadiya Nallah	24 ,,	99	1.25	,,
S Forest and Private land	25 ,,	99	1.65	,,
E Private land	27 ,,	99	1.10	,,
W Forest land	29 ,,	99	0.05	,,
	30	99	0.10	,,
	127 Portion	99	0.35	,,
	131	99	0.75	,,
	132	99	0.60	,,
	135	99	0.25	,,

	Plot No.	Thana No.	Area in Acres	Type of Occupation
11. Kendadih Mine Site (Contd.)	1112 Portion	99	2.00	Permissive possetssion
	28	99	1.66	Private settlement
	128	99	0.28	,,
	1114	99	0.90	,,
12. Kendadih Magazine	236 Portion	98	14.63	Permissive possession
N Forest land	238	98	4.50	,,
S Gadgadiya Nallah				
E Khas & Private land				
W Forest land				

[F.No. 22/43/79-MET.III]
J. A. CHOWDHURY, Director

ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्रालय

आदेश

नई दिल्ली, 1 सितम्बर, 1980

का०आ० 2453.—केन्द्रीय सरकार, आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (1955 का 10) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित आदेश करती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ :—(1) इस आदेश का नाम शीतागार आदेश, 1980 है ।

(2) इसका विस्तार उन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का छोड़कर, जिन्हें केन्द्रीय सरकार इस संबंध में छूट देती है, सम्पूर्ण भारत पर है ।

(3) यह राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होगा ।

2. परिभाषाएं—इस आदेश में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) "शीतागार" से ऊष्मारोधी और प्रशीतन मशीनरी द्वारा यांत्रिकतः शीतलित तथा खाद्य पदार्थों के भण्डारकरण के लिए प्रयुक्त कोई कोष्ठ अभिप्रेत है किन्तु इसमें 25 घन मीटर से कम क्षमता वाले प्रशीतित कैबिनेट या शीतलित सम्मिलित नहीं है;

(ख) "शीतागार रसीद" से ऐसी कोई रसीद अभिप्रेत है जो अनुज्ञप्तिधारी, शीतागार में भण्डारकरण के लिए किसी अवक्रेता से प्राप्त खाद्य पदार्थ के प्रतीकस्वरूप उसे जारी करता है;

(ग) "खाद्य पदार्थ" के अन्तर्गत हैं—

(i) फल, चाहे वे ताजे हैं, सुखाए गए हैं, निर्जलीकृत हैं, या परिरक्षित हैं;

(ii) सब्जियां, जिनके अन्तर्गत बीज के आलू भी हैं, चाहे वे ताजे हैं, सुखाए गए हैं, निर्जलीकृत हैं या परिरक्षित हैं;

(iii) मांस, चाहे वह ताजा है, हिमशीतित है, सुखाया गया है या परिरक्षित है;

(iv) मछली, चाहे वह ताजी है, हिमशीतित है या सुखाई गई है;

(v) अंडे, चाहे वे खोलयुक्त हैं चाहे खोल रहित है;

(vi) दुग्ध और दुग्ध-उत्पाद;

ii) मसाले; और

(viii) कोई अन्य खाद्य या खाद्य उत्पाद, जिसे केन्द्रीय सरकार, समय-समय पर अधिसूचित आदेश द्वारा, विनिर्दिष्ट करे ।

(घ) "प्रारूप" से इस आदेश से संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है;

(ङ) "अवक्रेता" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो खाद्य पदार्थों के भण्डारकरण के लिए किसी शीतागार में स्थान के किराये के संदाय पर लेता है;

(च) "अनुज्ञप्ति" से इस आदेश के अधीन अनुदत्त अनुज्ञप्ति अभिप्रेत है;

(छ) "अनुज्ञप्तिधारी" से किसी अनुज्ञप्ति का धारक कोई व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ज) "अनुज्ञापन अधिकारी" से भारत सरकार का कृषि विपणन सलाहकार अभिप्रेत है और इसके अन्तर्गत है केन्द्रीय सरकार का कोई अन्य अधिकारी, जो भारत सरकार के उप कृषि विपणन सलाहकार की पंक्ति से नीचे का नहीं है या राज्य सरकार का कोई अधिकारी जो सरकार के उप सचिव की पंक्ति से नीचे का नहीं है और जिसे उसने समय समय पर यथा अधिसूचित इस आदेश के अधीन सभी या किसी शक्ति का प्रयोग करने या सभी या किसी कृत्य का निर्वहन करने के लिए सशक्त किया है, भी सम्मिलित हैं;

(झ) "अधिसूचित आदेश" से राजपत्र में अधिसूचित आदेश अभिप्रेत है;

(ञ) "अनुसूची" से इस आदेश से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है ।

3. अनुज्ञा के बिना नए शीतागार के सन्निर्माण या विद्यमान शीतागार के विस्तार पर प्रतिषेध—कोई व्यक्ति—

(क) खाद्य पदार्थों के भण्डारकरण के लिए शीतागार का सन्निर्माण या किसी विद्यमान शीतागार की अनुज्ञप्तिधारिता का विस्तार नहीं करेगा; या

(ख) किसी शीतागार में, अनुज्ञप्ति की शर्तों और निबन्धनों के अधीन और उनके अनुसार पर के सिवाय किसी खाद्य पदार्थ को न तो भण्डारित करेगा और न भण्डारकरण के लिए स्वीकार करेगा या स्वीकार करने का वचन देगा :

परन्तु यदि अनुज्ञापन अधिकारी का, इस संबंध में प्ररूप 'क' में कोई आवेदन किए जाने पर, किसी अस्पताल, होटल या होस्टल या किसी संस्था द्वारा चलाए जा रहे किसी शीतागार के बारे में ऐसी पूछताछ करने के पश्चात जैसी वह आवश्यक समझे, यह समाधान हो जाता है कि ऐसा शीतागार केवल ऐसे स्थापन के सद्भावी प्रयोग के लिए आशयित है तो वह उसे छूट दे सकता है ।

4 किसी शीतागार के सन्निर्माण, विस्तार या चालू करने के लिए अनुज्ञा के लिए आवेदन—(1) यदि कोई व्यक्ति किसी शीतागार का सन्निर्माण या विद्यमान शीतागार में विस्तार करने का इच्छुक है तो वह प्ररूप 'ख' में (दो प्रतियों में) आवेदन करेगा।

(2) यदि कोई व्यक्ति किसी शीतागार को चलाने के लिए अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त करने का इच्छुक है तो वह अनुज्ञापन अधिकारी को प्ररूप 'ग' में, दो प्रतियों में, आवेदन करेगा।

(3) ऐसे प्रत्येक आवेदन के साथ खण्ड 5 में विनिर्दिष्ट फीस और, यथास्थिति, शीतागार भवन रेखांक की या, विद्यमान शीतागार भवन के विस्तार के ब्लू प्रिंटों की, तीन प्रतियां, दी जाएंगी।

(4) यदि आवेदक का एक से अधिक शीतागारों के सन्निर्माण का या एक से अधिक शीतागारों के विस्तार का प्रभाव है तो वह ऐसे प्रत्येक शीतागार के लिए पृथकतः आवेदन करके, पृथक-पृथक अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त करेगा।

5. अनुज्ञप्ति के लिए फीस—आवेदन फीस और अनुज्ञप्ति फीस निम्नलिखित रूप में होंगी :—

(क) आवेदन फीस :

(1) किसी शीतागार के सन्निर्माण या किसी शीतागार के विस्तार की अनुज्ञा के लिए आवेदन फीस।	आवेदन के साथ 25 रु० का संदेय किया जावेगा।
(2) अनुज्ञप्ति की द्वितीय प्रति जारी करने के लिए आवेदन फीस।	10.00 रु०

(ख) अनुज्ञप्ति फीस/नवीकरण फीस : प्रति कलेण्डर वर्ष या उसके किसी भाग के लिए संदेय—

(1) ऐसे शीतागार जिनकी भण्डारण क्षमता 10,000 घन मीटर से अधिक है।	500.00 रु.
(2) ऐसे शीतागार, जिनकी भण्डारण क्षमता 2500 घन मीटर से अधिक किन्तु 10,000 घनमीटर से अधिक नहीं है।	300.00 रु०
(3) ऐसे शीतागार जिनकी भण्डारण क्षमता 25 घन मीटर से कम नहीं है किन्तु 3500 घन मीटर से अधिक नहीं है।	100 रु०

6. अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने या अनुदत्त करने से इंकार करने के लिए विचार में ली जाने वाली बातें—अनुज्ञापन अधिकारी, कोई अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने या अनुदत्त करने से इंकार करने के लिए निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखेगा, अर्थात् :—

(1) उस क्षेत्र में, जिसमें उस शीतागार के जिसकी बाबत अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन किया गया है, सन्निर्माण, या विस्तार का प्रस्ताव है, पहले से क्रियाशील शीतागारों की संख्या और ऐसे शीतागार में भण्डारकरण के लिए खाद्य पदार्थों की उपलब्धता;

(2) ऐसे शीतागार के जिसकी बाबत अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन किया गया है, अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट प्रशीतन, ऊष्मा, रोधन और स्वच्छता की स्थिति;

(3) संयंत्र के परिचालन के लिए नियोजित या नियोजित किए जाने के लिए प्रस्तावित कर्मचारिवृन्द की अर्हताओं/अनुभव की उपयुक्तता; और

(4) अन्य कोई बात जिसे अनुज्ञापन अधिकारी इस प्रयोजन के लिए आवश्यक समझे।

7. अनुज्ञप्ति का अनुदान—(1) यदि खण्ड 4 के अधीन आवेदन प्राप्त होने पर, अनुज्ञापन अधिकारी का खण्ड 6 में विनिर्दिष्ट बातों के बारे में समाधान हो जाता है कि आवेदक को अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने में कोई आपत्ति नहीं है तो वह आवेदक को प्ररूप 'घ' में अनुज्ञप्ति अनुदत्त कर सकता है।

(2) यदि खण्ड 6 में विनिर्दिष्ट बातों को विचार में रखते हुए, अनुज्ञापन अधिकारी की यह राय है कि आवेदक को अनुज्ञप्ति अनुदत्त नहीं की जानी चाहिए तो वह आवेदक को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात्, अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने से इंकार कर सकता है किन्तु ऐसे इंकार के लिए कारणों को लेखबद्ध करेगा और उसकी एक प्रति आवेदक को देगा।

(3) यदि आवेदक को अनुज्ञप्ति दिए जाने से इंकार कर दिया जाता है तो आवेदन के साथ आवेदक द्वारा संदत्त आवेदन फीस, उसे वापस कर दी जाएगी।

8. अनुज्ञप्ति की शर्त शिथिल करना—खण्ड 7 के अधीन अनुदत्त प्रत्येक अनुज्ञप्ति अनुसूची में विनिर्दिष्ट शर्तों और निबन्धनों के अधीन होगी :

परन्तु इस आदेश के प्रारम्भ से पहले से ही विद्यमान किसी शीतागार की दशा में, यदि अनुज्ञापन अधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि ऐसी किसी शर्त का अनुपालन व्यावहारिक नहीं है तो वह उसे शिथिल कर सकता है।

9. अनुज्ञप्ति रद्द करना—यदि अनुज्ञापन अधिकारी, का यह समाधान हो जाता है कि किसी अनुज्ञप्तिधारी ने,—

(क) शीतागार पर से अपना नियंत्रण पूर्णतः या भागतः हटा लिया है या

(ख) अपना शीतागार चलाना बन्द कर दिया है, या

(ग) खण्ड 30 के अधीन अनुज्ञात प्रभारों से अधिक कोई प्रभार उद्ग्रहण किया है, या

(घ) अनुसूची में विनिर्दिष्ट किन्हीं शर्तों और निबन्धनों का या इस आदेश के उचित कार्यान्वयन के लिए जारी किए गए किन्हीं अनुदेशों का उल्लंघन किया है या उसके अनुपालन में वह असफल रहा है, तो वह उसकी अनुज्ञप्ति रद्द कर सकता है :

परन्तु किसी अनुज्ञप्ति को रद्द करने से पूर्व, अनुज्ञापन अधिकारी, ऐसे आधारों का उल्लेख करते हुए जिन पर अनुज्ञप्ति का रद्दकरण प्रस्तावित है, अनुज्ञप्ति धारी को स्पष्ट बस दिन की सूचना देगा और अनुज्ञप्तिधारी को अनुज्ञप्ति रद्द न कि जाने की बाबत कारण बताने का अवसर देगा :

परन्तु यह और कि यदि लोक हित में तुरन्त कार्रवाई अपेक्षित है तो अनुज्ञापन अधिकारी, कारणों को लेखबद्ध करके, अनुज्ञप्तिधारी को कारण बताने का अवसर दिए बिना भी, अनुज्ञप्ति रद्द कर सकता है।

10. अनुज्ञप्तिधारी प्रतिकर या अनुज्ञप्ति फीस के प्रतिदाय का हकदार नहीं— यदि कोई अनुज्ञप्ति रद्द कर दी जाती है तो अनुज्ञप्तिधारी किसी प्रतिकर का या ऐसी अनुज्ञप्ति के लिए उसके द्वारा संदत्त फीस के प्रतिदाय का हकदार नहीं होगा।

11. अनुज्ञप्ति की विधिमान्यता की अवधि—प्रत्येक अनुज्ञप्ति, जब तक कि उसे पहले ही रद्द नहीं कर दिया जाता, उस वर्ष के, जिसमें अनुज्ञप्ति अनुदत्त की जाती है, 31 दिसम्बर, को समाप्त हो जाएगी।

12. अनुज्ञप्ति का नवीकरण—(1) अपनी अनुज्ञप्ति नवीकृत कराने का इच्छुक प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी, 31 अक्तूबर को या उससे पूर्व, खण्ड 5 में विनिर्दिष्ट फीस के साथ अनुज्ञापन अधिकारी को प्ररूप 'ङ' और प्ररूप 'च' में, दो प्रतियों में आवेदन करेगा। यदि अनुज्ञप्तिधारी पूर्वोक्त तारीख के भीतर आवेदन करने में असफल रहता है तो वह अनुज्ञप्ति के अवसान के पूर्व किसी भी समय खण्ड 5 के उपखण्ड (ख) में विनिर्दिष्ट फीस के साथ दिसम्बर के प्रत्येक मास या उसके किसी भाग के लिए प्रति सैकड़ा एक रुपया के हिसाब से संगणित शास्ति का संदाय कर आवेदन कर सकेगा।

(ii) अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन प्राप्त होने पर, अनुज्ञापन अधिकारी या तो अनुज्ञप्ति नवीकृत कर सकता है या उसे नवीकृत करने से इंकार कर सकता है। यदि नवीकरण से इंकार कर दिया जाता अवसर है तो अनुज्ञप्तिधारी की सुनवाई का दिया जाएगा और ऐसे इंकार

के कारण लेखबद्ध किए जाएंगे तथा उसकी एक प्रति आवेदक को दी जाएगी और आवेदक से प्राप्त नवीकरण की फीस उसे वापस कर दी जाएगी ।

(iii) यदि अनुज्ञप्तिधारी उपखण्ड (1) में विनिर्दिष्ट तारीख से पूर्व नवीकरण के लिए आवेदन करने में असफल रहता है तो उसके लिए अपनी अनुज्ञप्ति के अवसान की तारीख के पश्चात अपना शीतागार चलाना तब तक विधिपूर्ण नहीं होगा जब तक कि वह उस संबंध में नवीकृत अनुज्ञप्ति अभिप्राप्त नहीं कर लेता ।

13. अनुज्ञप्ति की दूसरी प्रति जारी करना—यदि अनुज्ञप्ति खो जाती है, विनष्ट हो जाती है, फट जाती है, विरूपित हो जाती है या विकृत हो जाती है तो अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञप्ति की दूसरी प्रति के लिए आवेदन कर सकता है । ऐसे प्रत्येक आवेदन के साथ खण्ड 5 के उपखण्ड (क) (iii) में विनिर्दिष्ट फीस दी जाएगी । ऐसा कोई आवेदन प्राप्त होने पर, अनुज्ञापन अधिकारी, अनुज्ञप्तिधारी को अनुज्ञप्ति की दूसरी प्रति अनुदत्त करेगा ।

14. अनुज्ञप्ति का विनियमन और अन्तरण—(i) इस आदेश के अधीन अनुदत्त कोई अनुज्ञप्ति अनुज्ञापन अधिकारी के पूर्वानुमोदन के बिना किसी अन्य व्यक्ति को अन्तरित नहीं की जाएगी ।

(ii) यदि कोई अनुज्ञप्तिधारी कोई शीतागार किसी अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों को विक्रय करता है या अन्यथा उसका अन्तरण करता है या छह मास से अधिक के लिए शीतागार का परिचालन निलम्बित करता है तो वह ऐसे विक्रय या अन्तरण या निलम्बन से एक मास के भीतर अनुज्ञापन अधिकारी को अनुज्ञप्ति अभ्यर्पित कर देगा ।

(iii) भागीदारी में कोई परिवर्तन होने की दशा में उसकी अधिसूचना ऐसे परिवर्तन के एक मास के भीतर, अनुज्ञापन अधिकारी को दी जाएगी ।

(4) यथास्थिति, क्रेता या अन्तरिती, इस आदेश के अनुसार, अनुज्ञापन अधिकारी को, नई अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने के लिए आवेदन करेगा ।

(5) शीतागार के नाम, अभिनाम या अवस्थापन में कोई परिवर्तन होने की दशा में, अनुज्ञप्तिधारी तुरन्त अनुज्ञापन अधिकारी को ऐसा परिवर्तन प्रज्ञापित करेगा और प्रज्ञापन की तारीख से एक मास के भीतर, आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी अनुज्ञप्ति अनुज्ञापन अधिकारी को आवश्यक परिवर्तन किए जाने के लिए अग्रेषित करेगा ।

15. अग्रक्रेता के साथ करार या संविदा—अनुज्ञप्तिधारी, इस आदेश के किसी उपबन्ध के उल्लंघन में, किसी अग्रक्रेता के साथ कोई संविदा या करार नहीं करेगा ।

16. अतिभराई—कोई अनुज्ञप्तिधारी शीतागार को उसकी अनुज्ञप्तिधारिता से अधिक नहीं भरेगा ।

17. खाद्य पदार्थों के भण्डारकरण के बारे में उपबन्ध—(i) यदि कोई व्यक्ति अपेक्षित शीतागार प्रभारों का संदाय करने को तैयार है और यदि ऐसे खाद्य पदार्थों के भण्डारकरण के लिए शीतागार में स्थान उपलब्ध है तो कोई अनुज्ञप्तिधारी ऐसे व्यक्ति द्वारा निविदत्त किसी खाद्य पदार्थ को शीतागार में भण्डारकरण के लिए स्वीकार करने से इंकार नहीं करेगा :

परन्तु यदि भण्डारकरण के लिए निविदत्त खाद्य पदार्थ से शीतागार में भण्डारकृत किन्हीं अन्य खाद्य पदार्थों को नुकसान पहुंचने की संभावना है या इस प्रकार निविदत्त खाद्य पदार्थों के भण्डारकरण के लिए, भण्डारकृत अधिकांश खाद्य पदार्थों के लिए सामान्यतः अपेक्षित तापमान की रेंज से भिन्न रेंजों का तापमान अपेक्षित है, तो अनुज्ञप्तिधारी, इस प्रकार निविदत्त खाद्य पदार्थों को भण्डारकरण के लिए स्वीकार करने से इंकार कर सकेगा ।

परन्तु यह और कि यदि अनुज्ञापन अधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि किसी विशिष्ट प्रवर्ग के खाद्य पदार्थ का भण्डारकरण लोक हित में नहीं है तो वह सार्वजनिक सूचना द्वारा ऐसा भण्डारकरण प्रतिषिद्ध कर सकता है और तब अनुज्ञप्तिधारी ऐसे खाद्य पदार्थ के भण्डारकरण से इंकार कर देगा :

(ii) यदि कोई अवक्रेता, अनुज्ञप्तिधारी के शीतागार में भण्डारकृत अपने पूर्ण परिषेण या उसके किसी भाग के परिदान की मांग करता है तो अनुज्ञप्तिधारी, खण्ड 20 के अधीन नियत प्रभारों के संदाय पर, ऐसी मांग के चौबिस घंटे के भीतर, अवक्रेता के यथास्थिति, सम्पूर्ण परिषेण या उसके किसी भाग का परिदान करेगा ।

(3) अनुज्ञप्तिधारी प्रत्येक अवक्रेता द्वारा भण्डारकृत परिषेण का या प्रत्येक भण्डारकरण रसीद के अन्तर्गत आने वाले खाद्य पदार्थों के परिषेण का, अलग-अलग भण्डारण करेगा जिससे कि उनकी आसानी से पहचान हो सके और सम्बद्ध अवक्रेताओं को आसानी से परिदान किया जा सके ।

18. शीतागार रसीदें 2(ख) में परिभाषित—(i) अनुज्ञप्तिधारी प्रत्येक अवक्रेता द्वारा शीतागार में भण्डारकृत खाद्य पदार्थ के लिए, प्ररूप 'च' में एक शीतागार रसीद जारी करेगा ।

(2) रसीद, जब तक कि उस पर अन्यथा विनिर्दिष्ट नहीं है, पृष्ठांकन और परिदान द्वारा अन्तरणीय होगी और धारक सम्यक अनुक्रम में उसमें विनिर्दिष्ट माल प्राप्त करने का उसी प्रकार हकदार होगा मानो वह मूल अवक्रेता हो; और

(3) यदि शीतागार रसीद खो जाती है, नष्ट हो जाती है, फट जाती है, विरूपित हो जाती है या अन्यथा अपठनीय हो जाती है तो अनुज्ञप्तिधारी, अवक्रेता के आवेदन पर, रसीद की द्वितीय प्रति जारी करेगा ।

19. शीतागार में स्थान के अधिग्रहण की शक्ति—(1) अनुज्ञापन अधिकारी, लोक हित में, किसी अनुज्ञप्तिधारी को लिखित आदेश तामील करके, आदेश में विनिर्दिष्ट अवधि के लिए और आदेश के खण्ड 20 के अधीन नियत प्रभारों के संदाय पर, अनुज्ञप्तिधारी के शीतागार में सम्पूर्ण स्थान या उसके किसी भाग का अधिग्रहण कर सकता है ।

(2) अनुज्ञापन अधिकारी इस प्रकार अधिगृहीत स्थगन, आदेश में, विनिर्दिष्ट एक या अधिक व्यक्ति(यों) को खाद्य पदार्थों के भण्डारकरण के लिए आबंटित कर सकता है ।

20. भण्डारकरण के लिए प्रभारों का नियतन—अनुज्ञापन अधिकारी, मशीनरी की लागत, मूल्य ह्रास, विद्युत प्रभार आदि को ध्यान में रखते हुए, समय समय पर राजपत्र में आदेश द्वारा, ऐसे अधिकतम प्रभार नियत कर सकेगा जो अनुज्ञप्तिधारी शीतागार में खाद्य पदार्थों के भण्डारकरण के लिए या उससे संबद्ध किसी अन्य सेवा के लिए प्रभारित कर सकता है ।

21. निरीक्षण सुविधाएं आदि :—(1) अनुज्ञप्तिधारी, अपनी अनुज्ञप्ति शीतागार के परिसर में सुरक्षित अभिरक्षा में रखेगा और मांगे जाने पर अनुज्ञापन अधिकारी को प्रस्तुत करेगा ।

(2) प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी, किसी भी समय शीतागार के परिसर मशीनरी उपस्कर, उसमें भण्डारित खाद्य पदार्थों, बहियों, अभिलेखों और लेखाओं के निरीक्षण के लिए अनुज्ञापन अधिकारी के लिए सभी सुविधाओं की व्यवस्था करेगा और उसकी सहायता करेगा ।

22. अभिलेखों का अनुरक्षण और विवरणियां प्रस्तुत करना—प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी, अनुज्ञप्त परिसर में खाद्य पदार्थों के भण्डारकरण से संबंधित लेखे, खाते और अभिलेख प्ररूप छ-1 से छ-4 तक में रखेगा और प्ररूप छ-1 से छ-4 पर अनुज्ञापन अधिकारी को विवरणियां और विवरण प्रस्तुत करेगा ।

23. जानकारी आदि मंगाने की शक्ति— इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अनुज्ञापन अधिकारी,—

(क) किसी अनुज्ञप्तिधारी से, शीतागार में उसके द्वारा भण्डारकृत खाद्य पदार्थों की बाबत ऐसी सूचना जो उसके कब्जे में है, देने की अपेक्षा कर सकेगा ।

(ख) ऐसे किसी परिसर में, जहां चलाए जाने के लिए शीतागार संस्थापित है, अपना यह समाधान करने के लिए कि इस आदेश की अपेक्षाओं का अनुपालन हो रहा है, किसी भी समय प्रवेश कर सकेगा, निरीक्षण कर सकेगा और तलाशी ले सकेगा।

(ग) लिखित आदेश द्वारा किसी ऐसे खाद्य पदार्थ के, जिसकी बाबत उसके पास यह विश्वास करने के कारण हैं कि इस आदेश का अतिलंघन हुआ है, और भण्डारकरण या व्ययन को प्रतिषिद्ध कर सकेगा।

(घ) लिखित आदेश द्वारा अनुज्ञप्तिधारी को किसी व्यक्ति को प्रचालक के रूप में नियुक्त करने से उस दशा में प्रतिषिद्ध कर सकेगा जब उसके पास यह विश्वास करने का कारण है कि उस व्यक्ति के पास प्रचालन कार्य के लिए अपेक्षित अर्हता या ज्ञान या अनुभव नहीं है।

(ii) प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी, अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा अपेक्षित जानकारी देने के लिए और उपखण्ड (1) के पैरा (ख) के अधीन उसे अपनी शक्तियों का प्रयोग करने के सभी आवश्यक सुविधाएं देने के लिए आबद्ध होगा।

(iii) इस खण्ड के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, तलाशी से संबंधित दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) के उपबन्ध, जहां तक भी संभव हैं, इस खण्ड के अधीन तलाशियों को लागू होंगे।

24. अपील—इस आदेश के अधीन अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा किए गए किसी आदेश से कथित कोई व्यक्ति ऐसे किसी अधिकारी को, अपील कर सकेगा जिसे केन्द्रीय सरकार ने विरोध विषेश आदेश द्वारा समय समय पर नियुक्त किया है और जो केन्द्रीय सरकार के, जो संयुक्त सचिव से नीचे की पंक्ति का न हो।

25. प्रत्यायोजन—केन्द्रीय सरकार, अधिसूचित आदेश द्वारा, यह निदेश दे सकेगी कि अनुज्ञापन अधिकारी की ऐसी शक्तियों और कृत्यों का, जो आदेश में विनिर्दिष्ट किए जाएं, योग या निर्वहन यह राज्य सरकार या उसके अधीनस्थ कोई ऐसा अधिकारी या प्राधिकारी जो आदेश में विनिर्दिष्ट किया जाए, उस राज्य की क्षेत्रीय सीमाओं के भीतर, कर सकेगा।

26. निरसन और व्यावृत्ति—शीतागार आदेश, 1964, उन बातों के सिवाय निरसित किया जाता है जो ऐसे निरसन के पूर्व उसके अधीन की गई हैं या जिनके किए जाने में लोप हुआ है।

अनुसूची

(खण्ड 8 देखिए)

भाग 1

स्वच्छता संबंधी अपेक्षाएं :

1. वह परिसर जहां शीतागार संस्थापित किया गया है, साफ होगा। शीतागार में प्रति 4645 वर्ग मीटर के लिए एक बाट की दर से विद्युत दीपों की व्यवस्था की जाएगी। शीतागार का रोगाणुनाशन या निर्गन्धीकरण, फिर भी, जब और जैसे अपेक्षित हो, कराया जाएगा।

2. अनुज्ञप्तिधारी ऐसे किसी उत्पाद को, जिसकी गन्ध, शीतागार में भण्डारकृत खाद्य पदार्थ की गन्ध के विरुद्ध या विजातीय है, भण्डारकृत नहीं करेगा।

3. उस परिसर के, जहां शीतागार संस्थापित है, सभी प्रांगण, उपगृह, भण्डार और सभी पहुंच मार्ग साफ और स्वच्छ रखे जाएंगे।

4. ऐसे किसी व्यक्ति को, जिसे कोई संक्रामक या सांसर्गिक रोग है, शीतागार में कार्य करने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी। शीतागार में काम करने वाले दैनिक संदेय मजदूरों से भिन्न कर्मचारियों को, यह जांच करने के लिए कि वे किसी संक्रामक, सांसर्गिक या अन्य रोगों से ग्रस्त तो नहीं हैं, वर्ष में एक बार परीक्षा की व्यवस्था की जाएगी।

5. हिमांक से ऊपर क्रियाशील शीतागार में कार्य करने वाले कर्मचारियों को, शीत से उनके संरक्षण के लिए, उचित वस्त्रों की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। जो कर्मचारी ऐसे शीतागार में कार्य करते हैं जो हिमांक से नीचे क्रियाशील हैं, उनके लिए बूटों की भी व्यवस्था की जाएगी।

6. परिसर के भीतर पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग अलग और पर्याप्त शौचगृह सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी।

7. सभी सीढ़ियों और गेंगवे का अच्छा सन्निर्माण कराया जाएगा, उचित रूप से रखरखाव किया जाएगा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलिंग की व्यवस्था की जाएगी।

भाग 2

परिचालन विषयक अपेक्षाएं

1. शीतागार के द्वारों में पर्याप्त ऊष्मारोधन की व्यवस्था की जाएगी और उन्हें युक्तियुक्त रूप से वायुरोधी रखा जाएगा। द्वारों की डिजाइन ऐसी होगी कि कोई भी व्यक्ति उसे भीतर और बाहर से खोल सकता हो।

2 यदि रैकों की व्यवस्था की जाती है तो उनका सन्निर्माण इस प्रकार कराया जाएगा कि उन पर लदाई और उतराई कार्य शीतागार में कार्य कर रहे कर्मचारियों के जीवन को नुकसान पहुंचाए बिना किया जा सके।

3. वायु के वितरण और परिचालन के लिए और वस्तुतः लदाई उतराई कार्य के लिए निम्नलिखित निदेशों का पालन किया जाएगा, अर्थात्:—

(क) रैकों की पंक्तियों के बीच रास्ता 0.76 मीटर से कम नहीं होगा।

(ख) रैकें दीवारों और फर्श से कम से कम 20 सेंमी० दूर रखी जाएंगी।

(ग) प्रत्येक रैक के शीर्षस्थ शैल्फ में रखे गए माल के ऊपरी स्तर, और छत के बीच कम से कम 30 सें० मी० खाली जगह रखी जाएगी।

(घ) किसी रैक की प्रत्येक शैल्फ पर शैल्फ में रखे गए माल और उससे ऊपर के शैल्फ के बीच कम से कम 7.5 सें० मी० खाली जगह रखी जाएगी।

4. शीतागार में प्रशीतन के संवाहन के लिए विसारक या सीधे विस्तार पाइप इस प्रकार व्यवस्थित किए जाएंगे कि तापमान में शीतागार के प्रत्येक स्थान पर, जहां खाद्य पदार्थ भण्डारकृत किया जाता है, ±10 सें० की अधिकतम अनुज्ञेय विभिन्नता और सापेक्ष आर्द्रता की प्रतिशतता में ±5 प्रतिशत अनुज्ञेय विभिन्नता के साथ उचित तापमान रखा जा सके।

5. शीतागार में शुल्क बल्ब और आर्द्र बल्ब तापमान रीडिंग थर्मामीटरों की व्यवस्था की जाएगी। थर्मामीटरों की संख्या और अवस्थान, शीतागार के आकार और धारिता पर आश्रित होगी और कैसी होगी जैसी अनुज्ञापन अधिकारी या इस संबंध में उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी प्रथम या उत्तरवर्ती निरीक्षण के समय अनुदिष्ट करे।

6. मूलगति उत्पादकों के सभी गतिमान हिस्से और मूलगति उत्पादकों में लगे संयुक्त गतिपालक चक्रों के साथ उचित रक्षा पट्टों की व्यवस्था की जाएगी।

7. संपीड़क की चूषक पाइप लाइनें अच्छी तरह से विद्युतरोधी की जाएंगी।

8. प्रत्येक भण्डारकरण कक्ष में भीतर की ओर आपात स्थिति की दशा में प्रयोग के लिए स्विच के साथ अलार्म घंटी की व्यवस्था की जाएगी।

9. मशीनकक्ष में प्राथमिक उपचार पेटिका रखी जाएगी।

10. शीतागार कक्षों से संलग्न, उपकक्ष या वायु पर्दा की व्यवस्था की जाएगी।

11. प्रशीतन प्रणाली के अभिग्राही या द्रवणित्र के साथ उपयुक्त रेंज के दाब मापी की व्यवस्था की जाएगी।

12 प्रत्येक शीतागार इस अनुसूची के उपाबन्ध 1 म यथा विनिर्दिष्ट यांत्रिक प्रशीतन संबंधी सुरक्षा संहिता का पालन करेगा।

भाग 3

लाग बुक और अग्रिम बुकिंग का विवरण रखना

(1) प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी, इस आदेश के उपाबन्ध II में उपवर्णित प्ररूप में, तापमान और सापेक्ष आर्द्रता के अनुरक्षण के लिए और शीतागार के परिचालन के दौरान रात दिन चार-चार घंटे में तब तक संपीडक के दाब पन्न को रखने के लिए एक लाग बुक रखेगा जब तक कि स्वचल अभिलेखन उपकरण संस्थापित नहीं कर दिया जाता और उस पर अनुज्ञप्तिधारी या उसके द्वारा प्राधिकृत जिम्मेवार व्यक्ति हस्ताक्षर करेगा। अनुज्ञापन अधिकारी या उसके द्वारा इस बारे में सम्यक्तः प्राधिकृत कोई व्यक्ति, प्रत्येक निरीक्षण में, अभिलेखों के वैयक्तिक सत्यापन के पश्चात् लाग बुक पर हस्ताक्षर करेगा।

(2) अनुज्ञप्तिधारी शीतागार के कार्यकरण को लगातार 24 घंटे से अधिक के लिए रोक दिए जाने की रिपोर्ट अनुज्ञापन अधिकारी को तुरन्त तार द्वारा करेगा और पत्र द्वारा उसकी पुष्टि करेगा। ऐसे ब्रेक डाउन के कारण लाग बुक में अभिलिखित किए जाएंगे और अनुज्ञापन अधिकारी को रिपोर्ट किए जाएंगे।

(3) प्रत्येक अनुज्ञप्तिधारी अग्रिम बुकिंग का विवरण रखेगा और यह विवरण निरीक्षक कर्मचारिवृन्द को जब से उसकी अपेक्षा करें, प्रस्तुत करेगा।

उपाबंध 1

(अनुसूची का खण्ड 12 देखिए)

यांत्रिक प्रशीतन के लिए भारतीय मानक सुरक्षा संहिता (पुनरीक्षित)

1. व्याप्ति

1.1 इस संहिता में, वाष्प संपीडन टाइप की यांत्रिक प्रशीतन प्रणाली, जिसमें संयंत्र कक्ष में कार्यकरण परिस्थितियां, जो शीतागार में जीवन, स्वास्थ्य और सम्पत्ति के संरक्षण के लिए युक्तियुक्ततः आवश्यक समझी जाती है, भी सम्मिलित हैं, की डिजाइन, सन्निर्माण, संस्थापन, संक्रियण और निरीक्षण में सुरक्षा संबंधी बातों का उल्लेख किया गया है।

2. शब्दावली

2.0 इस संहिता के प्रयोजन के लिए, निम्नलिखित परिभाषाएं लागू होंगी :

2.1 संपीडक—वह उपस्कर है जिसमें द्रावण से पूर्व प्रशीतक के दाब को बढ़ाने के लिए उसे प्रशीतन मशीन में संपीडित किया जाता है।

2.2 द्रवणित्र—प्रशीतन प्रणाली का वह भाग है जहां उच्च दाब प्रशीतक गैस का उच्च दाब द्रव में द्रवित्र किया जाता है।

2.3 द्रवण एकक—निम्न दाब गैस को उच्च दाब द्रव में संपरिवर्तित करने के लिए उपस्करों का एक संयोजन है, जिसमें मुख्यतः संपीडक, द्रवणित्र और द्रव अभिग्राही (जहां अपेक्षित है) सम्मिलित हैं।

2.4 वाष्पित्र—प्रशीतन प्रणाली का वह भाग है जहां शीतलन के लिए द्रव प्रशीतक को वाष्पित किया जाता है।

2.5 प्रसार वाल्व—वह वाल्व है जो द्रव प्रशीतक का उच्च दाब से भिन्न दाब को प्रसार करता है और प्रशीतक का प्रवाह नियंत्रित करता है।

2.6 संगलनीय प्लग—विशेष संगलनीय मिश्रधातु निर्मित वह प्लग है जो पूर्वविधारित तापमान पर संगलित हो जाता है और प्रशीतन प्रणाली में दाब को मुक्त कर देता है।

2.7. उच्च दाब स्विच—उच्च दिशा में अधिक दाब के विरुद्ध एक स्वचल संरक्षा युक्ति है यह किसी संपीडक या किसी द्रवण एकक को, जब उच्च दिशा में दाब पूर्वविधारित परिसीमा से अधिक हो जाता है, स्वयंमेव रोक देती है।

2.8. निम्न दाब स्विच—निम्न दिशा में अत्यधिक निम्न दाब के विरुद्ध एक स्वचल संरक्षा युक्ति है। यह किसी संपीडक या किसी द्रवण एकक को, जब निम्न दिशा में दाब पूर्वविधारित परिसीमा से कम हो जाता है, स्वयंमेव रोक देती है।

2.9. संयंत्र कक्ष—वह कक्ष है, जिसमें घरेलू प्रशीतन साधित्रों से जैसे प्रशीतित्र, वहनीय, वातानुकूलक आदि (जो निवास कक्ष में संस्थापित हैं), भिन्न प्रशीतक संयंत्र संस्थापित हैं और चलाया जाता है।

2.10. दाब निर्मोचन युक्ति—ऐसा दाब प्रवर्तित वाल्व या युक्ति है जो इसके स्थापन से अधिक दाब को स्वयं निर्मुक्त कर देती है।

2.11. दाब वाहिका—यह एक अभिग्राही है, जिसमें दाब के अधीन प्रशीतक रहता है।

2.12. अभिग्राही—प्रशीतन प्रणाली की भागरूपी वाहिका जो द्रव प्रशीतक के लिए पात्र के रूप में कार्य करती हैं।

2.13. प्रशीतक—एक रासायनिक एजेन्ट, जो प्रशीतन प्रणाली में उच्च दाब द्रव से निम्न दाब गैस में विस्तार द्वारा शीतलन उत्पन्न करने के लिए प्रयुक्त होता है।

2.14. प्रशीतक आधान—द्रव प्रशीतक के भण्डारकरण के लिए एक वाहिका।

2.15. प्रशीतन प्रणाली—एक उपस्कर है, जिसमें द्रवणित्र एकक और वाष्पित्र, जिसमें ऊष्मा के अपकर्षण और अन्तरण के लिए प्रशीतक परिचालित किया जाता है, अन्तर्विष्ट हैं।

3. संस्थापन अपेक्षाएं

3.1. संयंत्र कक्ष

3.1.1. द्वार, विभाजन और मुखद्वार—प्रत्येक प्रशीतन प्रणाली के संयंत्र कक्ष में एक द्वार की व्यवस्था की जाएगी और भवन के अन्य भागों में प्रशीतकों के निकल जाने को रोकने के लिए विभाजक या मुखद्वार नहीं होंगे।

3.1.2. संयंत्र कक्ष द्वार में भीतर से अभिबंधन युक्तियां नहीं होंगी। फिर भी, उसे भीतर से बोल्ट करने की सुविधा की व्यवस्था की जा सकती है।

3.1.3. प्रत्येक संयंत्र कक्ष में उपयुक्त संवातन व्यवस्था की जाएगी। अपेक्षित संवातन साधारणतः सारणी 1 के अनुसार होगी। अपेक्षित संवातन अभिप्राप्त करने के लिए, बाहर की ओर खुलने वाली खिड़कियों और दरवाजों या शक्ति चालित निर्वातक पंखों की व्यवस्था की जा सकेगी। खिड़कियों और दरवाजों का आकार और निर्वातक पंखों की वायु निर्वातन क्षमता सारणी 1 में दी गई अपेक्षाओं के अनुसार होगी यदि निर्वातक पंखों का प्रयोग किया जाता है, तो उस वायु को, जो पंखे द्वारा निर्वातित की जा रही है, प्रतिस्थापित करने के लिए वायु के भीतर आने की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। निर्वातक पंखा या पंखों से संबद्ध क्षेत्र, सारणी 1 में दिए न्यूनतम वाहिनी क्षेत्रों के अनुसार होगा।

3.1.4. आपात निकास और अग्नि शामक--प्रत्येक संयंत्र कक्ष में आपात निकासों और उपयुक्त आकार के अग्नि शामकों की व्यवस्था की जाएगी । (भा० मा० 2190--1962 वहनीय प्राथमिक वायु अग्नि साधित्रों के चयन, संस्थापन और अनुरक्षण की संव्यवहार संहिता देखिए) ।

3.1.5. प्राथमिक उपचार उपस्कर--प्रत्येक संयंत्र कक्ष में कारखाना अधिनियम, 1948 और तद्धीन बनाए गए नियमों में अधिकथित अपेक्षाओं के अनुसार, प्राथमिक उपचार उपस्कर की व्यवस्था की जाएगी ।

3.1.6. गैस मास्क—एक या अधिक गैस मास्क या उपयुक्त आकार के श्वसन उपकरण संयंत्र कक्ष के ठीक बाहर ऐसे स्थान पर रखे जाएंगे जहां आसानी से पहुंचा जा सके । गैस मास्कों के केनिस्टरों का कालिक नवीकरण किया जाएगा ।

3.2. द्रवणित्र एककों या संपीड़क एककों या अन्य प्रशीतक उपस्करों के लिए आधार और आलंब का सन्निर्माण ऐसे किया जाएगा कि वे काफी मजबूत, कम्पन अवशोषी और अदाह्य हों ।

3.2.1. सभी चल मशीनरी, कारखाना अधिनियम, 1948 और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों के अनुसार संरक्षित की जाएंगी ।

3.3. द्रवणित्र एककों या संपीड़क एककों के निरीक्षण और संरक्षी सेवा के लिए उपयुक्त स्पष्ट जगह की व्यवस्था की जाएगी ।

सारणी 1—न्यूनतम वायु वाहिनी क्षेत्र और मुखद्वार

(खण्ड 3.1.3)

प्रणाली में प्रशीतक का भार कि० ग्रा०	वायु का यांत्रिक विसर्जन मी3 मिनि०	वाहिनी क्षेत्र मी2	खुली खिड़की द्वार का क्षेत्र मी2
(1)	(2)	(3)	(4)
10	3.9	0.025	0.44
25	7.1	0.03	0.70
50	11.3	0.05	1.0
75	14.8	0.07	1.2
100	18.0	0.07	1.4
125	20.8	0.10	1.6
150	23.5	0.10	1.7
200	28.5	0.12	2.0
250	33	0.12	2.2
300	37	0.14	2.4
350	41	0.18	2.6
400	45	0.18	2.8
450	49	0.18	3.0
500	53	0.20	3.1
600	59	0.20	3.4
700	66	0.20	3.7
800	72	0.20	4.0
900	78	0.20	4.2
1000	83	0.20	4.4
1250	97	0.28	5.0
1500	109	0.35	5.4
2000	132	0.40	6.3
2500	154	0.55	7.0
3000	173	0.50	7.7
3500	192	0.54	8.3
4000	210	0.58	8.8
4500	227	0.60	9.4
5000	244	0.65	9.9
6000	275	0.70	10.8
7000	305	0.72	11.7
8000	333	0.75	12.5
9000	361	0.78	13.3
10000	387	0.81	14.0
12000	437	0.83	15.3
14000	484	0.84	16.6
16000	529	0.86	17.7
18000	572	0.88	18.8
20000	614	0.90	20.0

टिप्पण वायु का यांत्रिक विसर्जन और खुला क्षेत्र, निम्नलिखित सूत्र के अनुसार, जो डी आई एन 8975, प्रशीतन संयंत्र, उनके सन्निर्माण, उपस्कर और उद्धर्षण के लिए सुरक्षा सिद्धान्त से लिया गया है, निकाला गया है ।

खुली खिड़की या द्वार क्षेत्र, मी^{2} $0.14\sqrt{3}$ जी

वायु का यांत्रिक विसर्जन, मी^{3} $50^3\sqrt{2}$

यहां 'जी' इंजनकक्ष में प्रशीतक के सबसे लम्बे बन्द परिपथ का किलोग्राम में भाज है ।

टिप्पण 2—मध्यवर्ती मान गणना द्वारा अभिप्राप्त किए जा सकते हैं ।

3.4 बाड़े के भीतर की द्रवणित्र या संपीड़ित एकक निरीक्षण और संरक्षी सेवा के लिए सुगमता से पहुंच के भीतर होंगी ।

3.5. द्रवणित्र या संपीड़ित एककों और अन्य प्रशीतन उपस्करों के निरीक्षण और संरक्षी सेवा के लिए पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी ।

3.6. जलपूर्ति संयोजन भवन में जलपूर्ति के लिए व्यवहार संहिता के भा० मा० 2065–1963 में दी गई अपेक्षाओं के अनुसार किए जाएंगे ।

3.6.1 प्रशीतन प्रणाली से ऊष्मा हटाने के लिए प्रयुक्त जल ऐसे किसी जल प्रवाह में नहीं छोड़ा जाएगा जिसका प्रयोग मानव या पशु के उपभोग के लिए हो सकने की संभावना है ।

3.7 विद्युत वायरिंग और विद्युत उपस्कर का संस्थापन, भारतीय विद्युत अधिनियम की और उसके अधीन बनाए गए नियमों की अपेक्षाओं के अनुसार किया जाएगा और वह यथा लागू भा० मा० 732 –1963 विद्युत वायरिंग संस्थापन (650 वोल्ट से अनधिक वोल्टता प्रणाली) (पुनरीक्षित) व्यवहार संहिता, भा० मा० 2274–1963 विद्युत वायरिंग संस्थापन (650 वोल्ट से अधिक वोल्टता प्रणाली) व्यवहार संहिता और भा० मा० 302–1960 हल्के विद्युत साधनों के लिए साधारण सुरक्षा अपेक्षा, जो भी लागू हों, में अधिकथित अपेक्षाओं के अनुरूप भी होगा ।

3.7.1 यह सिफारिश की जाती है कि संपीड़क का संघटक जल पम्प और शीतकृत टावर पंखे (जहां दिया गया हो) के साथ विद्युत अंतर्पाशन भली प्रकार कर दिया जाए । संपीड़क मोटर का स्विच पंपिंग सेट और पंखे के साथ इस रीति से अन्तर्पाशन होना चाहिए कि संपीड़क मोटर तब तक चालू न हो सके जब तक कि संघटक जल पम्प और पंखा चालू नहीं हो जाता ।

3.7.2 यह सिफारिश की जाती है कि जहां तक हो सके उच्च दाब स्विच, निम्न दाब स्विच और यांत्रिक प्रशीतन प्रणाली के संबंध में प्रयुक्त अन्य विद्युत नियंत्रण उपकरण अधिक से अधिक 250 वोल्टता पर प्रचालित किए जाएं ।

3.8 किसी ऐसे संयंत्र कक्ष में, जिसमें एक या अधिक प्रशीतन मशीनें जिनका कुल प्रशीतक चार्ज कक्ष आयतन के प्रति घन मीटर के लिए सारणी–2 में उल्लिखित से अधिक है, खुली ज्वाला या उसे उत्पादित करने वाला उपकरण या 425° से० से अधिक उष्ण सतह अनुज्ञेय नहीं होगी ।

3.9. किसी भी प्रशीतन प्रणाली या प्रशीतक वाहिका में, जब प्रणाली या वाहिका में प्रशीतक भरा हो, खुली ज्वाला उपयोज्य नहीं होगी ।

3.10 ऐसी प्रशीतन प्रणाली की दशा में, जिनमें ज्वलनशील प्रशीतक जैसे मिथील क्लोराइड, एथीन आदि प्रयुक्त किए जाते हैं, प्रशीतन प्रणाली के लिए सभी विद्युत संस्थापन साधारणतः नीचे दी गई अपेक्षाओं के अनुरूप होंगे ।

सारणी 2

ज्वलनशील प्रशीतकों की अधिकतम अनुज्ञेय मात्रा

(खण्ड 3.8)

नाम	रासायनिक सूत्र	अधिकतम मात्रा मा०/मी^{3}
ब्यूटेन	$सी_4$ $एच_{10}$	40
एथेन	$सी_2$ $एच_6$	40
एथिल क्लोराइड	$सी_2$ $एच_5$ $सी_1$	100
एथिलीन	$सी_2$ $एच_4$	32
आइसोब्यूटेन	(सी एच$_3$) $_2$ सी एच	40
मैथाइल क्लोराइड	सी एच$_3$ सी आई	160
मैथाइल फारमेट	एच सी 00 सी एच$_3$	110
प्रोपेन	$सी_3$ $एच_8$	40

भा० मा० : 1646—1961 भवनों की अग्नि से सुरक्षा के लिए व्यवहार संहिता (साधारण) विद्युत संस्थापन में अधिकथित, यथा लागू, और समुचित प्राधिकारी द्वारा अधिकथित अन्य अग्नि सुरक्षा अपेक्षाएं ।

3.11. किसी प्रशीतन प्रणाली या पाइपिंग का संस्थापन, द्वार मार्गों, सीढ़ियों के नीचे या किसी अन्य सार्वजनिक स्थान पर, सिवाय तब के जब कि उनका उपयुक्त संरक्षण कर दिया जाए, नहीं किया जाएगा ।

3.12. प्रशीतक चार्ज करना—चार्ज करते समय प्रशीतक आधान और मशीन के बीच, यह जानने के लिए कि प्रणाली किस दाब पर चार्ज की जा रही है, एक गेज की व्यवस्था की जाएगी । यह दाब उस विसर्जन दाब से अधिक नहीं होना चाहिए जिस पर किसी विशिष्ट प्रकार के प्रशीतक के साथ संपीड़क को कार्य करना है ।

3.13. प्रशीतन प्रणाली के प्रत्येक संस्थापन के लिए, निम्नलिखित जानकारी, किसी फ्रेम में मढ़ कर, संयंत्रकक्ष में भली प्रकार लगा दी जानी चाहिए :

(क) संघानित्र एकक का नाम और मेक;

(ख) संघानित्र एकक का माडल ;

(ग) प्रशीतक का नाम और पूर्ण चार्ज;

(घ) तेल का पूर्ण चार्ज;

(ङ) प्रणाली में चार्ज किए गए प्रशीतक और तेल की मात्रा तथा चार्जन की तारीख;

(च) वह दाब जिस पर संस्थापन के पश्चात् प्रणाली का परीक्षण किया जाना है; और

(छ) प्रशीतक कब बदला गया है, तारीख बताएं ।

4. प्रशीतन प्रणाली और उपस्कर:

4.1. प्रशीतन प्रणाली के संभ्रमण और संस्थापन में प्रयुक्त प्रशीतक पाइप, वाल्व, फिटिंग, उनसे संबंद्ध हिस्से और सभी अन्य सामग्री प्रयुक्त प्रशीतक के लिए उपयुक्त होगी । ऐसी कोई सामग्री, जो प्रशीतक की रासायनिक प्रक्रिया या तेल या दोनों के संयोग और आर्द्रता के कारण क्षय हो सकती है, प्रयोग नहीं की जाएगी । मैथाइल क्लोराइड के संस्पर्श में एल्युमिनियम, जस्ता या मैग्नीशियम का प्रयोग नहीं किया जाएगा । मैग्नीशियम मिश्र धातुएं मैथेन और एथेन के क्लोरो-फ्लुओरो व्युत्पन्नों के संस्पर्श में प्रयोग नहीं की जाएंगी । तांबा और ताम्र मिश्र धातुओं का अमोनिया के संस्पर्श में प्रयोग नहीं किया जाएगा ।

4.2. सभी जोड़ सुगम पहुंच में होंगे ।

4.3. रांगा या अन्य मिश्रधातुओं से विनिर्मित प्रशीतक ताबे के पाइप और फिटिंग के जोड़ों का गलनांक निम्नलिखित होगा :—

(क) 32 मि० मी० तक के आकार वाले पाइप के लिए कम से कम 260° सें०, और

(ख) 32 मि० मी० से अधिक आकार वाले और उष्ण गैस लाइनों पर सभी आकार वाले पाइपों के लिए 540° स ।

4.4. रोक वाल्व, उन प्रणालियों से भिन्न, जिनमें अपकेन्द्री संपीड़क का प्रयोग होता है, ऐसी सभी प्रणालियों में, जिनमें 10 कि० ग्रा० से अधिक प्रशीतक है, संस्थापित किया जाएगा । रोक वाल्व 4.4.1 में बताए गए लाइन पर लगाए जाएंगे ।

4.4.1. रोक वाल्व, प्रत्येक संपीड़क, अनिग्राही और वाष्पित्र के प्रवेश और निकास शिरों पर लगाए जाएंगे ।

4.5. दाब परीक्षण—सभी रोक वाल्वों, पाइपिंग, जोड़ों, फ्लेंजों और फिटिंग का संस्थापन पूर्ण होने के पश्चात् और प्रचालन से पूर्व दाब परीक्षण किया जाएगा ।

4.6 पूर्ण प्रशीतक पाइपिंग, हेंगर, ब्रेकेट स्टेप क्लेंप या पेडस्टल द्वारा इस रीति से सम्बद्ध की जाएगी कि जोड़ों को अपहानिकर विकृति और कम्पनों से युक्त रखा जा सके ।

4.7 प्रशीतक पाइप लाइनों का वर्ण अभिनिर्धारण भा० मा० 2379—पाइप लाइनों का रंग अभिनिर्धारण संहिता में दिए गए रंग अभिनिर्धारण के अनुसार होगा ।

4.8. आपात निर्गम लाइन—अमोनिया और सल्फर डाइआक्साइड की प्रत्येक प्रशीतन प्रणाली में, जिनमें 10 कि० ग्रा० या अधिक चार्ज है, एक आपात निर्गम लाइन लगाई जानी चाहिए । आपात में निर्गम लाइन सीधे अभिग्रही या संधानित्र अभिग्राही के शीर्ष से संयोजित कर दी जानी चाहिए ।

सारणी 3—न्यूनतम फील्ड प्रशीतक

दाब रिसन परीक्षण (खण्ड 4.5 और 5.3)

प्रशीतक का नाम	रासायनिक सूत्र	न्यूनतम फील्ड प्रशीतक दाब रिसन परीक्षण	
		कि० ग्रा० 1 से० मी० 2	
		उच्च दाब विशा	निम्न दाब विशा
1	2	3	4
अमोनिया	एन० एच०$_3$	20	10.5
*कार्बन डाइआक्साइड	सीओ$_2$	100	70
डाइक्लोरो डिफ्लुओरोमेथेन	सीसीआई$_2$ एफ$_2$	16	10
डाइक्लोरोएथेन	सी$_2$एच$_4$सीआई$_2$	2	2

*नये संस्थापन के लिए सिफारिश नहीं की गई है ।

1	2	3	4
डाइक्लोरोमेथेन (मेथीलिन क्लोराइड)	सी एम$_2$सीआई$_2$	2	2
डाइक्लोरो मोनोफ्लूरोमेथेन	सीएचसीआई$_2$ एफ$_4$	5	3
डाइक्लोरो टेट्राफ्लूरेथेन	सी$_2$सीआई$_2$एफ$_4$	3.5	3.5
*मेथाइल क्लोराइड	सीएच$_3$ सी आई	15	8.5
एथेन	सी०एच$_6$	85	50
मोनोक्लोरोडिफ्लूरोमेथेन	सीएचसी आईएफ$_2$	20	10.5
सल्फर डाइआक्साइड	एस ओ$_2$	12	6
ट्राइक्लोरोमोनोफ्यूरोमेथेन	सीसीआई$_3$ एफ	2	2
ट्राइक्लोरो ट्राइफ्लूरोमेथेन	सी$_2$सीआई$_3$एफ$_3$	2	2

*नए संस्थापन के लिए सिफारिश नही की गई है ।

वाल्व संयंत्र के ठीक बाहर होना चाहिए और आपात वाल्व तथा अभिग्राही के बीच कोई वाल्व नहीं होना चाहिए जिसके कि आपात् स्थिति में, संयंत्र कक्ष में प्रवेश किए बिना, बाहर से ही वाल्व के प्रचालित किया जा सके । यह देखने के लिए पर्याप्त पूर्वविधानियां बरती जानी चाहिए कि कोई अनधिकृत व्यक्ति वाल्व में हस्तक्षेप न कर सके । आपात् वाल्व अधिमानतः कांच मुख वाले बक्से से ढका होना चाहिए । आपात् निर्गम पाइप को भवन के बाहर इस प्रकार संयोजित किया जाना चाहिए कि वह आसपास के क्षेत्र को प्रभावित न कर सके ।

5. दाब उक्तियां

5.1. उच्च दाब स्विच ।

5.1.1. सामान्यतः घरेलू प्रशीतकों में प्रयोग किए जाने वाले आकार से बड़े सभी संधानित्र एककों या संपीड़क एककों में स्वचल उच्च दाब स्विच लगाए जाएंगे ।

5.1.2. उच्च दाब स्विच सदैव, निर्गम आफ वाल्व के पूर्व, संपीड़क की निर्गम दिशा में लगाया जाएगा ।

5.1.3. 7.5 कि० वा० से ऊपर के संधानित्र एककों के लिए उच्च दाब स्विच की कट इन साइकल स्वचालित नही होगी, अर्थात् ट्रिपिंग के पश्चात् संपीड़क मोटर का हस्तचालन अपेक्षित होगा ।

5.2. निम्न दाब स्विच—निम्न दाब स्विच, इन संपीड़कों से, जिनका प्रयोग घरेलू प्रशीतकों में होता है, भिन्न सभी संपीड़कों में, जब उनका प्रयोग 0° सें० से नीचे निम्न ताप स्थिति उत्पन्न करने के लिए किया जाये, जहां भी साध्य हो, लगाया जाना चाहिए ।

5.3. दाब निर्मुक्ति युक्तियां या संगलनीय प्लग—ये सभी संधानित्र एककों पर प्रशीतक द्रव स्तर से ऊपर उच्च स्तर पर लगाए जाएंगे । निर्मुक्ति वाल्व के लिए निर्गम इस प्रकार संयोजित किए जाने चाहिए कि उसका भवन के बाहर उसके आसपास के क्षेत्र पर प्रभाव पड़े बिना विसर्जन हो जाए । अमोनिया और सल्फर डाइआक्साइड प्रशीतकों का विसर्जन ऐसी वाहिकाओं, जिनमें क्रमशः जल और लवण जल हो, किया जाएगा । दाब निर्मुक्ति वाल्व, सारणी 3 में दिए गए (उच्च दाब दिशा) न्यूनतम क्षेत्र प्रशीतक, दाब रिसन परीक्षण में विनिर्दिष्ट दाब के पचहत्तर से अस्सी, प्रतिशत के बीच दाब पर से नीचे लगाए जाएंगे ।

6. दाब वाहिकाएं

6.1. दाब वाहिकाओं वाले सभी प्रशीतकों को, कारखाना अधिनियम, 1948 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन अपेक्षित रूप में कालिक द्रवस्थितिक रूप में परीक्षण और पूर्ण परीक्षा की जाएगी ।

6.2. दाब वाहिकाओं वाले सभी प्रशीतकों में, जिनका शुद्ध आयतन 0.15 एम^3 या अधिक है और जिन्हें वाल्व द्वारा शट-आफ किया जा सकता है दाब निर्मुक्ति युक्तियां या संगलनीय प्लग लगाए जाएंगे ।

7. अनुरक्षण

7.1. संस्थापन के पश्चात् प्रत्येक प्रशीतन प्रणाली की, हर तीन मास के पश्चात् प्रशीतक रिसन के लिए जांच की जाएगी ।

7.2. दाब युक्तियां, दाब गेजों और उच्च तथा निम्न दोनों दिशाओं में अन्य सभी प्रशीतकों नियंत्रणों की कालिक जांच की जाएगी । ऐसे दो निरीक्षणों के बीच अन्तराल कुछ मास से अधिक का नहीं होगा । संगलनीय प्लगों का निरीक्षण हर तीन मास में एक बार किया जाएगा ।

7.3. स्वास्थ्य और सफाई की दृष्टि से रासायनिक प्रक्रिया और संक्षारण की बाबत सांचों, कैनों, टैंकों आदि की बार-बार जांच की जाएगी ।

7.4. विद्युत संस्थापन की भारतीय विद्युत अधिनियम, 1910, और उसके अधीन बनाए गए नियमों और भा० मा० 732—1963 विद्युत वायरिंग संस्थापन (650 वोल्ट से अनधिक वोल्टता प्रणाली) (पुनरीक्षित) व्यवहार संहिता और भा० मा० 2274—1963 विद्युत वायरिंग संस्थापन (650 वोल्ट से अधिक वोल्टता प्रणाली) व्यवहार संहिता के अनुसार विद्युत रोधन, रिसन आदि की बाबत कालिक जांच की जाएगी ।

7.5. सभी मरम्मतें सम्यकतः अभिलिखित की जाएंगी और मरम्मत के पश्चात् किए गए सभी परीक्षणों का अभिलेख रखा जाएगा । अभिलेख पर मैकेनिक और इंजीनियर या भारसाधक अधिकारी हस्ताक्षर करेगा ।

7.6. उचित पूर्वविधानी रखी जाएगी जिससे कि इस गैस से भिन्न जो कि प्रणाली में है, अन्य गैस न चार्ज हो जाए ;

7.7. किसी गैस सिलैण्डर पर या प्रणाली में, जब उसमें प्रशीतक हो, खुली ज्वाला का कभी भी प्रयोग नहीं किया जाएगा ।

7.8. उस संयंत्र कक्ष में, जिसमें 25 कि० ग्रा० से अधिक प्रशीतक रखने वाली प्रशीतन प्रणाली संस्थापित है, संपीड़कों के निकट सहजदृश्य स्थान पर एक कार्ड रखा जाएगा, जिसमें प्रशीतन प्रणाली के प्रचालन के लिए निदेशों का जिनके अन्तर्गत ब्रेकडाउन या रिसन की दशा में बरती जाने वाली पूर्वविधानियों का उल्लेख भी है, और आपात स्थिति में प्रशीतन प्रणाली को बन्द कर देने के लिए अनुदेशों का उल्लेख किया गया हो ।

उपाबन्ध II

(अनुसूची का भाग III देखिए)

शीतागार								इंजन कक्ष लाग				
								शीत कक्ष				टिप्पणियां
समय	संपीडक सं०			परिदान दाब गेज	क्रैंके तेल दाब	लवण जल ताप	सं० 1		सं० 2		
	वोल्ट	एम्पियर	चूषण दाब गेज				डी०बी०	डब्ल्यू० बी०	डी०बी०	डब्ल्यू० बी०	
12 बजे अर्धरात्रि											
4 बजे											
8 बजे											
12 बजे दोपहर											
4 बजे											
8 बजे											

[फा० सं० 18-5/71-ए एस]

के० एल० गुप्ता, अवर सचिव

प्ररूप 'क'

[खण्ड 3(ख) देखिए]

शीतागार आदेश, 1980 के अधीन अनुज्ञप्ति अनुदत्त किए जाने में छूट के लिए आवेदन

1. स्थापन का नाम

1. (क) संस्था के भागीदारों/निदेशकों/ प्रधान का नाम और पता ।

2. किए जा रहे कारबार का स्वरूप

3. अवस्थान

4 शीतागार कक्ष (क्षों) की संख्या और आकार

(क) शीतागार चालू होने की तारीख और वर्ष

(ख)

लम्बाई मीटर में	चौड़ाई मीटर में	ऊंचाई मीटर में	धारिता घन मीटर में

(ग) ऊष्मा रोधन का प्रकार और मोटाई

(घ) संस्थापित मशीनरी की विशिष्टियां

(ङ) भण्डारकृत किए जाने वाले खाद्य पदार्थ (थों) का नाम

(च) अवधि, जिसमें सामान्यतः किसी अवधि के लिए खाद्य पदार्थों का भण्डारण किया जाता है ।

(छ) भण्डारकृत किए जा रहे खाद्य पदार्थ का अन्तिम प्रयोग ।

5. अवधि, जिसके लिए छूट अपेक्षित है ।

6. शीतागार आदेश, 19———के अधीन छूट के लिए औचित्य ।

7. मैं/हम वचन देता हूं/देते हैं कि —

(1) यदि छूट दी जाती है तो हम/मैं यह सुनिश्चित करता हूं/करते हैं कि उचित स्वास्थ्यप्रद स्थिति में खाद्य पदार्थ का भण्डारण किया जाएगा ।

(2) किसी भी समय आदेश के अधीन अनुज्ञापन अधिकारी या उसके किसी प्राधिकृत प्रतिनिधि के निरीक्षण के लिए परिसर खुला रहेगा ।

(iii) मैं/हम शीतागार में भण्डारकृत खाद्य पदार्थ की बाबत कोई जानकारी या शीतागार आदेश, 19———के अधीन अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा मांगी जाने वाली कोई अन्य जानकारी देने के लिए आबद्ध हूं/है ।

(iv) मैं/हम ऊपर क्रम संख्यांक 2 में वर्णित रूप में कारबार में पूर्णतः अन्तिम प्रयोग के लिए खाद्य पदार्थ का भण्डारण करूंगा/करेंगे और किसी भी परिस्थिति में किसी अन्य व्यक्ति से किसी भी प्रतिफल पर या अन्यथा कोई अन्य खाद्य पदार्थ भण्डारण के लिए स्वीकार नहीं करूंगा/करेंगे ।

आवेदक के हस्ताक्षर
तारीख

प्ररूप 'ख'

[खण्ड 4(1) देखिए]

भाग-क

(संलग्न अनुदेशों के अनुसार आवेदक स्वयं भरें)

नया शीतागार बनाने/विद्यमान शीतागार का विस्तार करने की अनुज्ञा प्राप्त करने के लिए आवेदन का प्ररूप

1. (i) आवेदक का नाम और पता
(साफ अक्षरों में)

(ii) स्वत्वधारियों, भागीदारों, निदेशकों आदि के नाम और पते (फर्म के रजिस्ट्रीकरण/भागीदारी विलेख की प्रति संलग्न की जाए)

2 भूमि की विशिष्टियां :

(i) अवस्थान

(ii) निकटतम रेल स्टेशन

(iii) निकटतम राजमार्ग,

(iv) क्षेत्रफल, वर्गमीटरों में

(v) क्रय की तारीख (क्रीत भूमि की दशा में, क्रय विलेख की एक प्रति या अन्य दस्तावेजी साक्ष्य संलग्न करें)

3. मशीनरी, ऊष्मारोधन आदि की विशिष्टियां

(i) क्रीता/क्रय की जाने वाली मशीनरी का ब्यौरा
(यदि चाहें तो एक अलग से सूची अनुलग्न करें)

(ii) उपायन का स्रोत

(iii) ऊष्मा रोधन सामग्री मोटाई (मिलीमीटरों में)

मुख्य दीवार	
सामान्य दीवार	
फर्श	
छत	

(i) प्रस्तावित प्रशीतक

4. शीतागार की धारिता :

(i) प्रस्तावित शीतागार कक्ष(क्षों) की संख्या

(ii) प्रत्येक कक्ष की ऊंचाई सहित आन्तरिक विमाएं

(iii) सभी कक्षों की जिनके लिए आवेदन किया गया है, कुल भण्डारकरण धारिता, घन मीटरों में,

(iv) संनिर्माण प्रारम्भ करने की प्रस्तावित तारीख

(v) क्या रेखांकों का सेट अनुलग्न है ? हां/नहीं

5. शीतागार के लिए खाद्य पदार्थ की उपलब्धता

(i) भण्डारकृत किए जाने वाले खाद्य पदार्थ (थों) का नाम

(ii) उपायन का स्रोत ।

6. शीतागार के प्रस्तावित स्थल पर या उससे 40 किलोमीटर की त्रिज्या के भीतर विद्यमान शीतागारों की संख्या

7. प्रस्तावित शीतागार बनाने/विद्यमान शीतागार का विस्तार करने का औचित्य

8. शक्ति (पावर) की उपलब्धता :

(i) अपेक्षित वैद्युत की मात्रा

(ii) अपेक्षित वैद्युत की मात्रा के लिए प्रबन्ध, यदि मंजूरी अभिप्राप्त हो गई है, तो मंजूर की गई मात्रा और मंजूरी की तारीख का उल्लेख करें ।

9. जल की उपलब्धता :

(i) जल की अपेक्षित मात्रा

(ii) जल पूर्ति के लिए किया गया प्रबन्ध ।

10. वित्तीय स्रोत

बैंक/राज्य वित्त निगम द्वारा वित्तपोषण की दशा में, आवेदित/मंजूर किए गए ऋण की रकम और मंजूरी की तारीख ।

11. प्रस्तावित शीतागार /शीतागार के विस्तार की अर्थव्यवस्था

क. (i) स्थिर पूंजी

(ii) भूमि की लागत

(iii) भवन की लागत

(iv) मशीनरी की लागत

(v) ऊष्मारोधन की लागत

(vi) रेक की लागत

(vii) किसी अन्य सामग्री की लागत

ख. कामकाज पूंजी

ग. व्यय

(i) चालान व्यय (वैद्युत शक्ति) पानी, प्रशीतक गैस, स्नेहक कार्यशाला, मरम्मत, और अनुरक्षण के प्रभार, लदाई और उतराई, श्रेणीकरण और पैकिंग आदि की मजदूरी, परिवहन फीस, पूंजी परिव्यय पर ब्याज, बीमा अवक्षयण आदि)

(ii) स्थापन : कर्मचारिवृन्द और कार्यालय व्यय

(iii) उपरि व्यय।

घ लाभ और हानि लेखा

(i) प्राप्तियां

(ii) व्यय

(iii) प्रस्तावित किराया दर

(iv) कुल पूंजी परिव्यय पर लाभ का प्रतिशत ।

आवेदक के हस्ताक्षर
तारीख

अनुलग्नक (जो संलग्न हैं उस पर (√) चिन्ह लगा दें)

1. भागीदारी विलेख (अनुप्रमाणित प्रति)/ संगम का ज्ञापन और अनुच्छेद।
2. स्वत्तता के अनुसमर्थन में शपथपत्र ।
3. भूमि क्रम विलेख (अनुप्रमाणित प्रति) ।
4. फर्म के रजिस्ट्रीकरण का प्रमाणपत्र (अनुप्रमाणित प्रति) ।
5. स्थानीय प्राधिकरण /नगर निगम से 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' ।
6. उत्पादन के बारे में कृषि अधिकारी का पत्र ।
7. निम्नलिखित ड्राइंगे :
   (i) प्रधान रेखांक
   (ii) स्थल रेखांक
   (iii) विस्तृत रेखांक
   (iv) अनुभागीय ब्यौरे

टिप्पण : जो लागू न हो उसे काट दें ।

भाग 'ख' (इसे कार्यालय में भरे)

विपणन और निरीक्षण निदेशालय के प्रादेशिक कार्यालय की रिपोर्ट

विशिष्टियां	ठीक है या नहीं, यदि नहीं तो कमियों का उल्लेख करें
1	2
1. प्रधान रेखांक	
2. स्थल रेखांक	
3. विस्तृत रेखांक	
4. अनुभागीय ब्यौरे	
5. (i) भागीदारी विलेख।	
(ii) शपथपत्र (स्वत्यता के अनुसमर्थन में)	
(iii) संगम का ज्ञापन और अनुच्छेद	
6. भूमि क्रम-विलेख	
7. रजिस्ट्रीकरण का प्रमाणपत्र।	
8. स्थानीय प्राधिकरण/नगर निगम से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र'	
9. उत्पादन की बाबत कृषि अधिकारी का पत्र	
10. शक्ति की मात्रा अनुमोदित है या नहीं।	
11. परियोजना सुविधा है या नहीं	
12. अनुज्ञा देने के लिए सिफारिश	
13. प्रारूप 'ख'	

हस्ताक्षर
तारीख

भाग 'ग'

शीतागार के संनिर्माण की अनुज्ञा दी जाने की बाबत आवेदन भरे जाने के लिए अनुदेश

शीतागार आदेश, 19 . के अधीन किसी नए शीतागार के स्थापन या विद्यमान शीतागार के विस्तार का इच्छुक व्यक्ति अनुज्ञा अनुदत्त की जाने के लिए कृषि विपणन सलाहकार, भारत सरकार, फरीदाबाद को आवेदन करेगा । आवेदन विहित प्रारूप में निम्नलिखित रीति से किया जाना चाहिए :

प्रदेश का नाम	प्रदेश का क्षेत्रफल	मुख्यालय
	(1) जम्मू और काश्मीर	
	(2)	
	(3)	
1. उत्तरी प्रदेश	(4) राजस्थान	दिल्ली
	(5) हिमाचल प्रदेश	
	(6) दिल्ली और	
	(7) चण्डीगढ़	
2. पश्चिमी प्रदेश	(1) महाराष्ट्र	मुम्बई
	(2) गुजरात	
	(3) मध्य प्रदेश	
	(4) गोआ, दमन और दीव और	
	(5) दादरा और नागर हवेली	
3. पूर्वी प्रदेश	(1) बिहार,	पटना
	(2) उड़ीसा	
	(3) असम	
	(4) मेघालय	
	(5) मनीपुर	
	(6) त्रिपुरा	
	(7) नागालैण्ड	
	(8) नेफा और	
	(9) अन्दमान और निकोबार द्वीप समूह	
4. दक्षिणी प्रदेश	(1) तामलनाडु	मद्रास
	(2) आन्ध्र प्रदेश	
	(3) मैसूर,	
	(4) केरल,	
	(5) पाण्डिचेरी	
	(6) लक्षद्वीप, मिनीकाय और अमीनी दीवी द्वीप समूह	

2. कैसे आवेदन करें ?

आशयित पक्षकारों को, किसी नए शीतागार का सन्निर्माण या किसी विद्यमान शीतागार का विस्तार प्रारम्भ करने से पूर्व, विहित प्ररूप 'ख' पर निम्नलिखित संलग्नकों के साथ, अनुज्ञा के लिए आवेदन करना चाहिए।

1. भूमि-क्रय-विलेख की अनुप्रमाणित प्रति ।
2. भागीदारी विलेख/स्वत्वधारिता का शपथपत्र/संगम के ज्ञापन और अनुच्छेद की अनुप्रमाणित प्रति ।
3. रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र की अनुप्रमाणित प्रति ।
